सांवरे बना लो सेवादार | By Manoj Krishna

हारे का है तू ही सहारा बाबा लखदातार
हार के बाबा आया हूँ मैं तेरे दरबार
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार

राहों में तेरी बाबा पलकें बिछाई हैं
फूलों से मैंने अपनी कुटिया सजाई है
लीले की तू कर असवारी दर्श दिखा एक बार
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार

आँख से आंसू बरसे जैसे बादल बरसे रे
आजा मेरे सांवरिया क्यों तू देर लगाए रे
तुझपे है विश्वास मेरा श्याम धणी सरकार
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार

मैंने सुना सांवरिया यारी खूब निभाता है
पकडे जिसका हाथ उसे दु:ख छू कभी नहीं पाता है
राही और मनोज श्याम का मिलके करे सत्कार
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-manoj-krishna/